अर्हम्

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल

समय सीमा : 3 घंटा | तेरापंथ दर्शन (वर्ष : 2016) | दिनांक 20.12.2016

पंचम वर्ष : प्रथम प्रश्न पत्र | पूर्णांक – 100

महात्मा महाप्रज्ञ – 50

प्र.1 किन्हीं तेरह प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। 13

(क) आचार्य महाप्रज्ञजी की जन्मतिथि तथा वेला व नक्षत्र लिखें।

(ख) ''खेलिया'' किसे कहते हैं?

(ग) कौन से गीत के बार–बार श्रवण से बालक नथमल के मन में आचार्य भिक्षु के प्रति श्रद्धा के भाव उत्पन्न हुए?

(घ) मुनि नथमल अपने रजोहरण का प्रतिलेखन किससे करवाया करते थे?

(ङ) बालक मुनि नथमल के आँख के दाने कहाँ और कैसे ठीक हुए?

(च) मुनि नथमल ने किस उम्र में संस्कृत में कविता लिखना प्रारम्भ किया?

(छ) महाप्रज्ञजी ने पहली बार आशु कविता कब लिखी और इसके मूल प्रेरक कौन थे?

(ज) श्री महाप्रज्ञजी को विगय–वर्जन की बख्शीश कब और कहाँ हुई?

(झ) श्री महाप्रज्ञजी ने चश्मे का प्रयोग कब और किसके कहने पर किया?

(ञ) सविधि प्रतिक्रमण करना कब प्रारम्भ किया गया?

(ट) श्री महाप्रज्ञजी ने युवाचार्य के रूप में प्रथम पृथक् मर्यादा महोत्सव कब और कहाँ किया?

(ठ) साध्वीप्रमुखा कनकप्रभाजी को महाश्रमणी पद् पर कब नियुक्त किया गया?

(ड) श्री महाप्रज्ञजी कुन्दकुन्द भारती में कब पधारे और किससे मिले?

(ढ़) अहिंसा–यात्रा के क्या उद्देश्य थे?

(ण) आचार्य महाप्रज्ञजी के देवलोक गमन के समय कितने साधु, साध्वियाँ विद्यमान थे?

प्र.2 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्य में लिखें – 10

(क) श्री महाप्रज्ञजी ने कितने आगम कंठस्थ किये? नाम लिखें।

(ख) मंत्रीमुनि मगनलालजी ने श्री महाप्रज्ञजी को अहंकार विलय के लिये क्या शिक्षा प्रदान की?

(ग) श्री महाप्रज्ञजी की साझ व्यवस्था में कौन–कौन से सन्तों को नियोजित किया गया?

(घ) आचार्य तुलसी ने निकाय सचिव के कौन–कौन से गुण बताये?

(ङ) आचार्य तुलसी ने ''महाप्रज्ञ'' शब्द की क्या मीमांसा की?

प्र.3 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में दीजिए। 12

(क) अणुव्रत साधना शिविर पर टिप्पणी लिखें।

(ख) आचार्य तुलसी ने श्री महाप्रज्ञ के लिए मर्यादा पत्र तैयार किया। उसकी मर्यादायें लिखें।

(ग) सिद्ध करें कि श्रीमहाप्रज्ञजी ने व्यक्तित्त्व निर्माण का महत्त्वपूर्ण कार्य किया।

(घ) योगक्षेम वर्ष पर संक्षेप में टिप्पणी लिखें।

प्र.4 आचार्य श्रीमहाप्रज्ञजी के ''अज्ञ'' से ''महाप्रज्ञ'' होने की विकास यात्रा पर सारगर्भित लेख लिखें। 15

'अथवा'

आचार्य श्रीमहाप्रज्ञजी के महाप्रयाण पर लेख लिखें।

कृ. पृ. प.

आचार्य महाश्रमण – 30

प्र.5 किन्हीं सात प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए – 7

(क) सरदारशहर राजस्थान के शैक्षणिक मानचित्र पर किस कारण उभरा?

(ख) पिताजी श्री झूमरमलजी के स्वर्गवास के समय श्रीमोहन कितने वर्ष के थे?

(ग) श्रीमोहन का साधु साध्वियों के पास जाने का क्रम कौन से सन्तों के कारण प्रारम्भ हुआ?

(घ) ''वैरागीजी! आश्रव किसे कहते हैं?'' गुरुदेव के इस प्रश्न का श्रीमोहन ने क्या उत्तर दिया?

(ङ) आचार्यश्री रायचन्दजी के शासनकाल से लेकर सन् 2010 तक सरदारशहर की कितनी चारित्रात्माओं की दीक्षा हो चुकी है?

(च) मुनि रूपचन्दजी संघ से कब और कहाँ अलग हुए?

(छ) मुनि मुदितकुमारजी को साझपति कब और कहाँ बनाया गया?

(ज) आचार्य महाश्रमण के पदाभिषेक के समय सरदारशहर में उनसे रत्नाधिक संत कितने थे?

प्र.6 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए – 5

(क) श्रीमोहन के साथ कितने वैरागी ओर थे? नाम बतायें।

(ख) मुनि मुदितकुमारजी को संस्कृत का अध्ययन किस–किसने करवाया?

(ग) महाश्रमणी साध्वीप्रमुखाश्रीजी ने पदाभिषेक के समय अपने अभिभाषण में आचार्य के कौन–कौन से प्राथमिक कर्त्तव्य बताये?

(घ) पदाभिषेक के समय कौन–कौन से विशिष्ट व्यक्तियों ने मंगलभावनाएँ व्यक्त की?

प्र.7 कोई तीन प्रश्नों के 100 से 150 शब्दों में उत्तर दीजिए – 18

(क) श्रीमोहन की दिनचर्या पर प्रकाश ड़ालें।

(ख) ''महाश्रमण पद पर नियुक्ति'' पर टिप्पणी लिखें।

(ग) महाश्रमण मुदितकुमारजी की गंगानगर अंचल यात्रा को संक्षेप में लिखें।

(घ) ''आजीवन संघेसवा'' प्रसंग को लिखें।

तेरापंथ–प्रबोध – 10

प्र.8 कोई तीन पद्य लिखें – 10

(क) उतरै आज.....................सहकार हो।।

(ख) तेरा श्रावक.................प्रसार हो।।

(ग) ''जय ज्योतिर्मय चिन्मय दीप जले'' गीत वाला पद्य।

(घ) संत खेतसी...............अनन्ती बार हो।।

(ङ) आठ पाट.................दिलदार हो।।

तुलसी–प्रबोध – 10

प्र9 कोई तीन पद्य लिखें। 10

(क) इक दिन बोल्यो.....................जुहार हो।।

(ख) महाराजा..............अवसर अवधार हो।।

(ग) ''धवल समारोह'' वाला पद्य।

(घ) मेदपाट रो.......................साभार हो।।

(ङ) पदयात्रा स्यूं...............आंख उठार हो।।